एक नजर में

श्रीमती कमला सकलेचा ज्ञान मंदिर का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

भानपुरा। श्रीमती कमला सकलेचा ज्ञान मंदिर का सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी श्रेष्ठ रहा। विद्यालय से विज्ञान एवं कॉमर्स संकाय के कुल 64 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 54 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कॉमर्स संकाय में छात्रा नकीया बोहरा ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं दिष्टि सेट्ठी ने 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं सोहम वाधवा ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में भाग्यश्री जैन ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सुकृति चौरसिया 88.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। विद्यालय के संस्थापक शरद सकलेचा, चेयरपर्सन नीति मोदी, सचिव प्रतिभा सकलेचा एवं प्राचार्य अर्चना सिंह सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सेवा, संगठन और संस्कार का संदेश लेकर मंदसौर पहुंचे विक्रांत खंडेलवाल

मंदसौर। भारत विकास परिषद नार्थ, वेस्ट एवं सेंट्रल रीजन के क्षेत्रीय संगठन मंत्री विक्रांत खंडेलवाल तीन दिवसीय प्रवास पर मंदसौर पहुंचे। आगमन पर प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम पोरवाल एवं शाखा अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव के दर्शन भी किए। रात्रि में आयोजित परिषद बैठक में श्री खंडेलवाल ने परिषद सदस्यों से परिचय प्राप्त कर शाखा द्वारा संचालित सेवा एवं सामाजिक गतिविधियों की जानकारी ली। परिषद सचिव दिलीप सेठिया ने सेवा प्रकल्पों एवं सामाजिक कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में श्री खंडेलवाल ने कहा कि भारत विकास परिषद सेवा, संस्कार और समर्पण का सशक्त परिवार है। उन्होंने सदस्यों से समाजहित में सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में परिषद के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। संचालन नरेंद्र कुमार त्रिवेदी ने किया तथा आभार जगदीश काला ने माना।

लगातार गैरहाजिरी पर सचिव सुरेश पांडे निलंबित

मंदसौर। जनपद पंचायत मंदसौर की ग्राम पंचायत साबाखेड़ा के सचिव सुरेश पांडे को बिना सूचना के अनुपस्थित रहने एवं जनपद पंचायत की बैठक में लापरवाही करने के कारण जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन द्वारा निलंबित किया गया है। ज्ञात हो की सचिव सुरेश पांडे का नाता विवादों से रहा है। पूर्व मे भी लालघाटी पंचायत में भी जहां विवाद का कारण बने थे। वही साबाखेड़ा में भी बिना सूचना के पंचायत एवं जनपद की बैठक में गायब रहते हैं। जिस पर जनपद पंचायत मंदसौर के सीईओ धर्मेंद्र यादव की रिपोर्ट पर जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन ने निलंबित किया है। शासन द्वारा सुरेश पांडे का ट्रांसफर लालघाटी पंचायत में हुआ था, लेकिन उन्होंने जुगाड़ कर अतिरिक्त पंचायत साबाखे ?ा का चार्ज लेकर लालघाटी आना बंद कर दिया। और अब साबाखेड़ा में भी मनमानी करने लग गए जिस पर उन्हें निलंबित किया गया है।

मिलकर हाथ बढ़ाएं, शिवना को स्वच्छ बनाएं : विधायक

▸ शिवना शुद्धिकरण अभियान के 115वें दिन निकाली गई एक ट्रॉली गाद-कचरा

मंदसौर। शहर की जीवनदायिनी माँ शिवना को स्वच्छ और निर्मल बनाने के संकल्प के साथ चल रहा शिवना शुद्धिकरण अभियान अब जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है। अभियान के 115वें दिन भी बड़ी संख्या में श्रमदानियों ने लोकप्रिय विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। इस दौरान नदी में जमा प्लास्टिक कचरा, गंदगी एवं नदी किनारों पर फैली गाजर घास को हटाकर एक ट्रॉली कचरा बाहर निकाला गया।

इस अवसर पर विधायक श्री जैन ने कहा कि शिवना नदी का स्वरूप अब लगातार निखर रहा है और यह बदलाव सामूहिक जनसहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नदी को स्वच्छ रखना केवल प्रशासन या कुछ लोगों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। यदि इसी तरह निरंतर प्रयास जारी रहे तो शिवना पुनः अपनी पवित्रता और सुंदरता प्राप्त करेगी।

उन्होंने शहरवासियों से प्रतिदिन प्रातः 7 से 9 बजे के बीच अभियान में शामिल होकर श्रमदान करने का आह्वान किया। अभियान में समाजसेवी, महिलाएं, युवा, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने सहभागिता कर यह संदेश दिया कि सामूहिक प्रयासों से किसी भी बड़े परिवर्तन को संभव बनाया जा सकता है।

शिवना शुद्धिकरण अभियान आज केवल सफाई का कार्य नहीं, बल्कि समाज को पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जिम्मेदारी और जनसहभागिता का प्रेरणादायी संदेश देने वाला अभियान बन चुका है।

नाहरगढ़ पुलिस ने 1 किलो एमडी ड्रग्स के साथ तीन तस्करों को पकड़ा

▸ 20 लाख का नशीला पदार्थ और कार जब्त

नाहरगढ़। नशा मुक्ति अभियान के तहत नाहरगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 किलो ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक हुंडई कार भी जब्त की है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर सूचना पर वरुण तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने डीगांव-कचनारा रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास नाकाबंदी की। इस दौरान संदिग्ध सफेद रंग की हुंडई कार को रोककर तलाशी लेने पर उसमें से 1 किलो एमडी ड्रग्स बरामद हुई।

पुलिस ने मामले में शोभित कांटे, विश्वास राठौर एवं दिपेन्द्र चौहान निवासी इंदौर को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 20 लाख रुपए तथा कार की कीमत लगभग 10 लाख रुपए बताई गई है। कार्रवाई में सउनि रशीद पठान सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

गांधी सागर नं. 8 में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित

ग्रामीणों को टीबी के प्रति किया जागरूक

मंदसौर। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत चलाए जा रहे 100 दिवसीय आयुष्मान आरोग्य अभियान के तहत गाँधी सागर नं. 8 में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना एवं टीबी रोग की समय पर पहचान करना रहा।

शिविर में टीबी जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों को टीबी शपथ दिलाई गई। ब्लॉक भानपुरा के टीबीएचवी देवेंद्र तिवारी ने ग्रामीणों को टीबी के लक्षणों एवं उपचार संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि यह बीमारी पूरी तरह उपचार योग्य है तथा शासन द्वारा मरीजों को उपचार अवधि में प्रति माह 1000 रुपये की पोषण सहायता राशि भी प्रदान की जाती है।

शिविर में टीबी स्क्रीनिंग हेतु एक्स-रे जांच के साथ ही हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर एवं बीएमआई सहित विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किए गए।

एक नजर ▸ 20 वर्ष पुराने दैनिक वेतनभोगियों को नियमित करने के निर्देश

सफाई कर्मचारियों का वेतन 1 से 10 तारीख तक भुगतान करें : करोसिया

मंदसौर। मध्यप्रदेश सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष प्रताप करोसिया ने सुशासन भवन में जिला एवं नगरीय निकाय अधिकारियों की बैठक लेकर सफाई कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की। बैठक में एसडीएम शिवलाल शाक्य, नगर पालिका सीएमओ अनीता चौकटिया, पीओ डूडा रोहित राणावत सहित विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

बैठक में अध्यक्ष करोसिया ने निर्देश दिए कि सफाई कर्मचारियों का वेतन प्रत्येक माह की 1 से 10 तारीख के बीच अनिवार्य रूप से भुगतान किया जाए। साथ ही 20 वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को वरीयता के आधार पर नियमित करने की प्रक्रिया एक माह में पूरी कर रिपोर्ट आयोग को भेजने के निर्देश दिए।

उन्होंने बिना शासन अनुमति किसी भी प्रकार की अवैध नियुक्ति नहीं करने, अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का 15 दिवस में निराकरण करने तथा पात्र कर्मचारियों को आवास एवं शासकीय भूमि के पट्टे उपलब्ध कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

अध्यक्ष करोसिया ने कर्मचारियों की मृत्यु होने पर सहायता राशि, ग्रेच्युटी एवं अन्य देयकों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए सफाई कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के लिए स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश भी दिए।

नीमच

एक नजर में

तहसील मनासा और जावद में विस्फोटक भंडारणों का किया अधिकारियों ने औचक निरीक्षण

नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार तहसील मनासा में संचालित विस्फोटक भंडारणों का अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उपखंड मनासा सुश्री किरण आंजना, तहसीलदार मनासा श्री मुकेश निगम, नायब तहसीलदार मनासा श्री रूपसिंह राजपूत एवं संबंधित मौजा पटवारी की उपस्थिति में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उचेड़ स्थित जय माता दी इंटरप्राइजेस विस्फोटक गोदाम मौके पर खाली पाया गया। गोदाम में कोई भी विस्फोटक सामग्री संग्रहित नहीं थी। वहीं सांडिया में स्थित श्री अनिल मूंदड़ा एंड कंपनी के विस्फोटक गोदाम में 25 एमएम जिलेटिन रॉड 456.625 किलोग्राम, डेटोनेटिंग फ्यूज 18,375 मीटर, ई-डेट 248 नग तथा डीटीएच/टीएलडी 978 नग सामग्री पाई गई। मौके पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था भी पाई गई। एसडीएम जावद सुश्री प्रीती संघवी ने भी क्षेत्र के विस्फोटक गोदामों, पटाखों के गौदामों का अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधितों को आवश्यक निर्देश भी दिए है। जिला प्रशासन द्वारा विस्फोटक भंडारणों की सुरक्षा एवं नियमों के पालन हेतु समय-समय पर औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं।

अमृत 2.0 योजना अंतर्गत जनप्रतिनिधियों की मांग पर नगर परिषद जीरन में हुई बैठक

जीरन। नगर परिषद जीरन में अमृत 2.0 योजना अंतर्गत चल रहे वाटर सप्लाई निर्माण कार्य के संबंध में जनप्रतिनिधियों की मांग पर नगर परिषद कार्यालय में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उपयंत्री और कार्य की मॉनिटरिंग करने वाले शासन द्वारा नियुक्त कंसल्टेंसी पीडीएमसी के आर.इ.,ए.आर.ई, ठेकेदार और नगर के जनप्रतिनिधियों की एक संयुक्त बैठक परिषद हाल में संपन्न हुई जिसमें पाइपलाइन डालने में खोदे गई सीसी का पुनर्निर्माण एवं पाइपलाइन डालने में आ रही परेशानी पर विस्तृत चर्चा की गई है। ठेकेदार को नई लाइन को पुरानी लाइनों से जोड़ने का काम व्यवस्थित तरीके से करने एवम 31 मई 2026 तक योजना के समस्त कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए। कार्य का संयुक्त निरीक्षण भी किया गया और जनप्रतिनिधियों की मांग अनुसार योजना में शेष बचे हुए स्थान के लिए पाइप लाइन डालने की नवीन स्वीकृति की मांग की गई।

मनासा की बेटी वर्तिका माहेश्वरी ने रचा इतिहास

▸ सीबीएसई 12वीं में 95.6 प्रतिशत अंक हासिल कर बनी टॉपर

नीमच। सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में मनासा और नीमच के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपने परिवार, विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया है। मेधावी छात्र-छात्राओं की सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है।

वर्तिका माहेश्वरी ने किया टॉप

वर्तिका माहेश्वरी ने कार्मल कान्वेंट स्कूल से वाणिज्य संकाय में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं नगर में प्रथम स्थान हासिल किया। खास बात यह रही कि वर्तिका ने बिना किसी कोचिंग के केवल सेल्फ स्टडी के दम पर यह शानदार सफलता हासिल की। वर्तिका, श्रीमती शालिनी एवं महेश नंदवाना की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के सहयोग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन को दिया। साहित्य में विशेष रुचि रखने वाली वर्तिका ने भविष्य में पर्यावरण एवं ऊर्जा क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा जताई है।

वंशिका तोमर ने नीमच का नाम किया रोशन -वहीं नीमच की प्रतिभाशाली छात्रा वंशिका तोमर ने स्प्रिंगवुड स्कूल से कक्षा 12वीं परीक्षा में 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार का नाम गौरवान्वित किया। वंशिका ने अपनी सफलता का श्रेय मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन को दिया। परिणाम घोषित होते ही परिवार, विद्यालय और मित्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने उनकी उपलब्धि को प्रेरणादायक बताते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

अबीर वधवा ने भी हासिल की शानदार सफलता

अबीर वधवा ने कार्मल कान्वेंट स्कूल की कक्षा 12वीं परीक्षा में 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे मनासा शहर में तृतीय स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे वधवा परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मीनाक्षी परिहार और आरुषि झंवर ने भी किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

विद्यालय की छात्रा मीनाक्षी परिहार ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि आरुषि झंवर ने 93.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

सही प्रशिक्षण व्यक्ति को शिखर पर करता है स्थापित : सौरभ शर्मा

▸ कांग्रेस सेवादल फुटबाल प्रशिक्षण शिविर का छठा दिन

नीमच। नीमच फुटबॉल का गढ़ रहा है यहां की प्रतिभाओं ने नीमच का नाम राष्ट्रीय स्तर पर बुलंद किया है। फुटबॉल में यदि बच्चों को सही प्रशिक्षण व मार्गदर्शन मिले, प्रतिभा को सही ढंग से तराशा से जाए तो वहां दिन दूर नहीं जब नीमच फुटबॉल का मसीहा बनेगा। उक्त उदगार रोटरी डायमंड क्लब के अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद स्टेडियम मैं चल रहे कांग्रेस सेवा दल फुटबाल प्रशिक्षण शिविर में व्यक्त किये। शिविर को रोटरी डायमंड के सचिव भुवनेश शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी खेल में स्टेमिना बहुत महत्वपूर्ण होता है जिस खिलाड़ी में ऊर्जा ज्यादा होगी वह फुटबॉल को बेहतर ढंग से खेल पाएगा और शीर्ष पर पहुंचेगा।

प्रशिक्षण शिविर में सौरभ शर्मा और भुवनेश शर्मा का सेवादल जिला अध्यक्ष राजेंद्र यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ पृथ्वी सिंह वर्मा और संजीव पगारिया ने स्वागत किया। प्रशिक्षण शिविर में जिला महिला कांग्रेस के अध्यक्ष आशा सांभर, महिला सेवा दल जिला अध्यक्ष बेबी मेहरा, श्री राम शिवहरे, विमल शर्मा लतीफ पठान, भुवान सिंह उपस्थित थे।

एक नजर ▸ लोगों को मिली भीषण गर्मी से राहत, तेज हवाओं के साथ उड़ी धूल

नीमच में बदला मौसम का मिजाज, दिन में 41 डिग्री पारा, शाम को बारिश

नीमच। जिले में इन दिनों मौसम के दो अलग-अलग रूप देखने को मिल रहे हैं, जहां एक ओर दोपहर की भीषण गर्मी लोगों को झुलसा रही है, वहीं शाम होते ही मौसम का मिजाज बदलकर राहत और परेशानी दोनों साथ लेकर आ रहा है। गुरुवार को नीमच का तापमान इस सीजन में दूसरी बार 41 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर गया। इसके चलते दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और लोग घरों में रहने को मजबूर दिखे।

शाम को बादलों ने डाला डेरा, हुई झमाझम बारिश-शाम करीब 5 बजे अचानक आसमान में बादलों ने डेरा जमा लिया और वातावरण में ठंडक घुल गई। इसके बाद लगभग आधे घंटे तक झमाझम बूंदाबांदी हुई, जिससे मौसम सुहाना हो गया। बारिश शाम साढ़े पांच बजे तक जारी रही।

तेज हवाओं और धूल ने बढ़ाई परेशानी-अचानक हुए इस मौसम परिवर्तन से जहां लोगों को झुलसाती गर्मी से राहत मिली, वहीं तेज हवाओं के साथ उड़ी धूल ने वाहन चालकों की परेशानी बढ़ा दी। धूल के गुबार के कारण दृश्यता कम हो गई, जिससे आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

बारिश के बाद बाजारों में लौटी रौनक- हालांकि मौसम सुहाना होते ही शाम के समय बाजारों में चहल-पहल फिर से बढ़ गई और लोग राहत भरे मौसम का आनंद लेते नजर आए।

जल्द तापमान में गिरावट की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो से तीन दिनों में तापमान में करीब 2 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। हालांकि उमस के चलते फिलहाल भीषण गर्मी से पूरी तरह राहत मिलने की संभावना कम बनी हुई है।